दिनांक 19.06.2017

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

भिलाईनगर/ विश्व योग दिवस 21 जून की तैयारी के लिए दुर्ग जिला कलेक्टर उमेश अग्रवाल, निगम आयुक्त के0एल0 चौहान भिलाई निवास के सामने मैदान का निरीक्षण करने पहुंचे । योग दिवस पर सुबह 7 बजे से 8 बजे तक जिला स्तरीय योग का कार्यक्रम रखा गया हैं।

20 फुट बाई 48 फुट का भव्य स्टेज का निर्माण के साथ 20 योगासन के फ्लेक्स यहॉ लगाये जा रहें है। करीब 7 हजार नागरिकों के योगा करने की व्यवस्था की जा रही है जिसके लिए 60,000 फुट पर चटाई बिछाई जाएगी करीब 20 साउंड बाक्स के साथ 4 स्थलों पर प्रशिक्षकों द्वारा योगा अभ्यास कराया जायेगा जिसमें से एक स्थान मुख्य रहेगा। बारिश की स्थिति को देखते हुए भिलाई निवास के दो बड़े हॉल को भी तैयार किया गया है जहॉ बारिश होने की स्थिति पर कार्यक्रम हो सकेगा।

कलेक्टर उमेश अग्रवाल ने निगम आयुक्त के0एल0 चौहान, एस0डी0एम0 ए.के. वाजपेयी के साथ आज सभी उन स्थलों का निरीक्षण कर व्यवस्था देखा और कार्यक्रम में ध्वनि विस्तारक यंत्र एवं पेयजल के साथ जनरेटर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये।

जनसम्पर्क अधिकारी